संख्या-39/2022/138ई/23-11-2022-1/2(74)/18टी0सी0-1

प्रेषक,

राजेश कुमार पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-11 **लखनऊ : दिनांक 03 मार्च, 2022**

विषय:- वित्तीय वर्ष 2021-22 में रेल उपरिगामी सेतु निर्माण के चालू कार्यो पर धनावंटन के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियन्ता (सेतु), लोक निर्माण विभाग लखनऊ के पत्र संख्या-95/रेल उपरिगामी योजना(नये कार्य मांग)/2021-22, दिनांक 02-02-2022, पत्र संख्या-355/रेल उपरिगामी योजना(नये कार्य मांग)/2021-22, दिनांक 17-02-2022, पत्र संख्या-280/रेल उपरिगामी योजना(चालू कार्य)/2021-22, दिनांक 09-02-2022 एवं पत्र संख्या-352/रेल उपरिगामी योजना(चालू कार्य)/2021-22, दिनांक 14-02-2022 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि रेल उपरिगामी सेतु निर्माण के अधोलिखित तालिका में अंकित 25 चालू कार्यो पर वित्तीय वर्ष 2021-22 में कुल रू0 20549.26 लाख (रू0 दो अरब पॉच करोड़ उन्चास लाख छब्बीस हजार मात्र) की धनराशि निम्नलिखित विवरण/शर्तो सहित अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

(धनराशि रूपये लाख में)

क्र0 सं0	कार्य का नाम	कुल लागत	सेतु निगम अंश	अब तक आवंटन	अवमुक्त धनराशि		
					अनु0 सं0-57	अनु0 सं0-83	योग
1	जनपद गोरखपुर में गोरखपुर-सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग (एन0एच0-29) पर मानीराम टिकरिया मार्ग पर स्थित रेल सम्पार संख्या-6स्पेशल पर दो लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	8487.58	7442.06	1697.00	**344.51**	**92.74**	**437.25**
2	जनपद अयोध्या में एन0एच0-27 बाईपास से निकलकर महोबरा बाजार होते हुए श्रीराम जन्म भूमि तक रेलवे सम्पार सं0-111बी पर 04 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	12220.79	10300.79	2575.20	**2029.00**	**546.20**	**2575.20**
3	जनपद अयोध्या में पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर बड़ी बुआ रेलवे क्रासिंग सं0-112 पर 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	6291.60	5371.60	1342.90	**565.14**	**152.13**	**717.27**
4	जनपद अयोध्या में रेल प्रखण्ड जफराबाद-अयोध्या-लखनऊ के अयोध्या स्टेशन के पश्चिम यार्ड में कि0मी0 968/2-3 पर स्थित रेलवे सम्पार सं0-121बी (मोदहा) पर 04 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	11459.74	9539.74	2384.94	**1476.89**	**397.57**	**1874.46**
5	जनपद अयोध्या में चौदहकोशी परिक्रमा मार्ग पर हल्कारा का पुरवा रेलवे सम्पार संख्या-108एसी पर 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	7007.77	6207.77	1550.00	**552.83**	**148.82**	**701.65**
6	जनपद सहारनपुर में नागल-सहारनपुर मार्ग पर रेल सम्पार सं0-84एसी /ई-2 कि0मी0 177/13-15 के स्थान पर खॉन आलमपुर यार्ड (स्टार पेपर मिल) से होते हुए जिलाधिकारी आवास मार्ग तक 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	7537.16	2294.36	570.00	**311.76**	**83.92**	**395.68**

http://shasanadesh.up.nic.in

7	जनपद अयोध्या में अयोध्या-अकबरपुर-बसखारी मार्ग (बहराइच-अयोध्या-आजमगढ़ मार्ग एन0 एच0-30) के चैनेज 118.25 से 199.200 तक चार लेन चौडीकरण में रेलवे सम्पार संख्या-107ए/ 2टी (वाराणसी-लखनऊ रेल सेक्शन दर्शन नगर के पास) पर 04 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	8924.95	7724.95	1930.00	**845.27**	**227.55**	**1072.82**
8	जनपद अयोध्या में चौदहकोशी परिक्रमा मार्ग पर सूर्यकुण्ड स्थित रेलवे सम्पार सं0-105 पर 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	9270.21	5830.21	1457.00	**901.04**	**242.56**	**1143.60**
9	जनपद गोरखपुर में बरगदवा चौराहे से जेल रोड पर नकहा जंगल-मानीराम स्टेशनों के मध्य सम्पार सं0-5ए पर 04 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	7627.81	6284.53	75.00	**1237.89**	**333.24**	**1571.13**
10	जनपद गोरखपुर में चौरीचौरा-चमड़ा मण्डी-मुण्डेरा बाजार-सोनबरसा मार्ग पर स्थित सम्पार सं0-147बी पर 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	5944.18	4921.83	50.00	**940.73**	**253.24**	**1193.97**
11	जनपद सीतापुर में सीतापुर-लखीमपुर राज्य मार्ग सं0-21 पर ब्राड गेज रेलवे सम्पार संख्या-73ए सीतापुर-लखीमपुर सेक्शन पर 04 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	6258.62	5363.74	5095.55	**211.31**	**56.88**	**268.19**
12	जनपद सहारनपुर में डी0एफ0सी0सी0 रूट के अन्तर्गत उत्तर रेलवे के मेरठ-सहारनपुर रेल खण्ड के कि0मी0 163/13-14 पर सम्पार सं0-78 निकट नगला रेलवे स्टेशन देबबन्द- मीरापुर मार्ग पर 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	3080.18	2071.21	1035.61	**407.97**	**109.83**	**517.80**
13	जनपद प्रयागराज में उत्तर रेलवे के अन्तर्गत प्रयाग-लखनऊ रेल खण्ड पर प्रयाग स्टेशन से फाफामऊ रेलवे स्टेशन के मध्य रेलवे कि0मी0 149/10-11 पर समपार सं0-75ए (तेलियरगंज /मजार से बड़ा बघड़ा/सलोरी सड़क मार्ग) पर 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	5280.12	4305.03	2652.52	**847.99**	**228.27**	**1076.26**
14	जनपद लखनऊ के अन्तर्गत राजाजीपुरम में बने आर0ओ0बी0 (सम्पार सं0-218ए) से रानी लक्ष्मी बाई चिकित्सालय की तरफ क्लोवर लीफ का निर्माण।	1270.65	1270.65	250.00	**250.28**	**67.38**	**317.66**
15	जनपद कौशाम्बी में उत्तर मध्य रेलवे के इलाहाबाद-कानपुर रेल सेक्शन के कि0मी0 879/1-3 पर सिराथू रेलवे स्टेशन के पहले समसा चैराहे पर रेलवे समपार सं0-18सी पर दो लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	4024.33	2762.91	2624.76	**108.82**	**29.30**	**138.12**
16	जनपद पीलीभीत में पीलीभीत-बस्ती मार्ग के कि0मी0 6 से लिपुलेक भिण्ड मार्ग के कि0मी0 372 तक पीलीभीत बाईपास के निर्माण में पीलीभीत-मैलानी रेल खण्ड के चैनेज 258/11 एवं 258/12 के मध्य दो लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण कार्य (सम्पूर्ण धनराशि राज्य सरकार द्वारा वहन की जायेगी)।	2680.60	2680.60	2289.01	**117.72**	**31.69**	**149.41**

http://shasanadesh.in

17	जनपद वाराणसी में वाराणसी-सिटी-सारनाथ रेलवे स्टेशन के मध्य पूर्वोत्तर रेलवे के सम्पार सं0-23ए पर प्रस्तावित दो लेन (7.50 मीटर) रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	14452.56	13193.53	10784.18	**1378.56**	**371.11**	**1749.67**
18	जनपद कौशाम्बी में उत्तर मध्य रेलवे के इलाहाबाद-कानपुर रेल सेक्शन के सम्पार सं0-19बी कि0मी0 882/21-23 सिराथू रेलवे यार्ड में दो लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	3888.38	2877.37	2733.50	**36.53**	**9.84**	**46.37**
19	डी0एफ0सी0सी0 रूट के अन्तर्गत जनपद गौतमबुद्ध नगर के ग्रेटर नोएडा में गाजियाबाद-टूण्डला रेल सेक्शन के सम्पार सं0-141 कि0मी0-1401/01-1403/11 निकट ग्राम मायचा पर 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	5022.55	3948.39	3356.13	**311.09**	**83.75**	**394.84**
20	डी0एफ0सी0सी0 रूट के अन्तर्गत जनपद गौतमबुद्धनगर के ग्रेटर नोएडा में गाजियाबाद-टूण्डला रेल सेक्शन के सम्पार सं0-143 कि0मी0-1406/33-35 निकट ग्राम रायपुर बॉगड़-अजायबपुर मार्ग पर 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	4517.72	3551.09	3018.42	**141.40**	**38.06**	**179.46**
21	जनपद गौतमबुद्ध नगर के ग्रेटर नोएडा में गाजियाबाद-टूण्डला रेल सेक्शन के सम्पार सं0-142 कि0मी0 1404/19-21 निकट ग्राम मायचा-अजायब मार्ग पर 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	4470.40	3503.77	2978.20	**276.06**	**74.32**	**350.38**
22	जनपद कौशाम्बी में उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागरा-कानपुर रेल सेक्शन के कि0मी0 872/13-15 शुजातपुर रेलवे स्टेशन के निकट रेलवे सम्पार सं0-15सी पर 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	5705.62	4475.30	1868.83	**881.53**	**237.30**	**1118.83**
23	जनपद कौशाम्बी मे डी0एफ0सी0सी0 के अन्तर्गत उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज-कानपुर रेल सेक्शन कि0मी0 890/13-15 (अथसराय) के रेल सम्पार सं0-32सी पर 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	3912.11	2446.11	1611.53	**481.82**	**129.71**	**611.53**
24	जनपद कौशाम्बी में डी0एफ0सी0सी0 के अन्तर्गत उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज-कानपुर रेल सेक्शन के कि0मी0 846/23-25 सैय्यदसरावां रेलवे स्टेशन के निकट रेल सम्पार सं0-7सी पर 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	6028.40	3827.34	956.87	**753.89**	**202.95**	**956.84**
25	जनपद प्रयागराज में डी0एफ0सी0सी0 रूट पर उत्तर मध्य रेलवे के अन्तर्गत इलाहाबाद-मुगलसराय रेल सेक्शन के कि0मी0 807/23-25 पर रेल सम्पार सं0-31सी पर 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	6705.22	4954.39	3715.80	**780.71**	**210.16**	**990.87**
	योग:-				**16190.74**	**4358.52**	**20549.26**

http://shasanadesh.

(1) प्रश्नगत चालू कार्यो हेतु आबंटित धनराशि का व्यय/उपयोग वित्त विभाग द्वारा निर्गत आदेशों/ज्ञापों में उल्लिखित शर्तो के अनुसार बजट मैनुअल एवं वित्तीय हस्त पुस्तिका के नियमों, स्थाई आदेशों आदि का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा तथा किसी भी दशा में प्रश्नगत कार्य हेतु आबंटित धनराशि का उपयोग किसी अन्य मद में नहीं किया जायेगा।

(2) प्रश्नगत कार्यो हेतु आबंटित धनराशि का उपयोग शीघ्रातिशीघ्र सुनिश्चित किया जाय। कार्य सम्पादन के अनुरूप उपयोगिता प्रमाण-पत्र/कार्यो के सपंरिक्षित लेखा ससमय कार्यालय महालेखाकार, उ0प्र0 प्रयागराज एवं शासन को उपलब्ध करा दिया जाय।

(3) उक्त परियोजनाओं के सम्बन्ध में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति विषयक मूल शासनादेश की शेष शर्ते एवं प्रतिबंध यथावत लागू रहेगी।

2- प्रश्नगत कार्यो पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 के आय-व्ययक में अनुदान सं0-57 के लेखाशीर्षक-5054-सड़को तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय-04-जिला तथा अन्य सड़के-101-पुल-05-रेलवे उपरिगामी सेतु-0516-रेलवे उपरिगामी/अधोगामी सेतुओं के निर्माण के चालू कार्यो हेतु व्यवस्था-24-वृहत निर्माण कार्य तथा अनुदान सं0-83 लेखाशीर्षक-5054-सड़को तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय-04-जिला तथा अन्य सड़के-789-अनुसूचित जातियों के लिये विशेष घटक योजना-15-रेलवे उपरिगामी/अधोगामी सेतुओं का निर्माण (चालू कार्य)-24-वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-03/2021/बी-1-375/दस-2021-231/2021 दिनांक 22-03-2021 द्वारा प्रतिनिधानित अधिकारों के अधीन जारी किया जा रहा है।

भवदीय,

(राजेश कुमार पाण्डेय)
अनु सचिव।

<u>संख्या-39/2022/138ई(1)/23-11-2022-तद्दिनांक</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- निजी सचिव, मा0 उप मुख्यमंत्री, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0।
2- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
3- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
4- सम्बन्धित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी।
5- मुख्य अभियन्ता (सेतु) लोक निर्माण विभाग लखनऊ।
6- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य सेतु निगम लि0, लखनऊ।
7- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
8- सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
9- वित्त व्यय (नियंत्रण) अनु0-8/वित्त आय-व्ययक अनु0-1, उ0प्र0 शासन।
10- राज्य योजना आयोग-1/2, उ0प्र0 शासन।
11- अधीक्षण अभियन्ता नियोजन/परियोजना, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
12- लोक निर्माण अनुभाग-1/9/10/12 एवं 14, उ0प्र0 शासन।
13- नोडल अधिकारी (आनलाईन बजट एलॉटमेन्ट सिस्टम), लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
14- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(राजेश कुमार पाण्डेय)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in